पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2018-20 प्रकाशितः 01.02.2020 इस अंक का मूल्य 2 रूपये

।। ओ३म् ।।



# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**निमन्त्रण**
केन्द्रीय आर्य युवक परिषद
के तत्वावधान में
**महर्षि दयानंद जन्मोत्सव**
रविवार 16 फरवरी 2020
प्रातः 11 बजे से 12.30 बजे तक
**सांसद मीनाक्षी लेखी निवास**
14, महादेव रोड़, नई दिल्ली
आप सादर आमंत्रित हैं
– अनिल आर्य, संयोजक

वर्ष-36 अंक-17 माघ-2076 दयानन्दाब्द 196 01 फरवरी से 15 फरवरी 2020 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशितः 01.02.2020, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

### केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् नई दिल्ली के 41वां स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में

# त्रिदिवसीय अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन सोल्लास सम्पन्न

## साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए आर्य समाज कार्य करेगा–आर्य नेता स्वामी आर्यवेश

रविवार,2 फरवरी 2020, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के 41वें वार्षिकोत्सव पर त्रिदिवसीय अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन दिनांक 31 जनवरी व 01–02 फरवरी 2020 को रामलीला मैदान पीतमपुरा दिल्ली में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण शुद्धि हेतु 101 कुण्डीय विश्व शान्ति यज्ञ से वैदिक विद्वान आचार्य अखिलेश्वर जी ने किया। ओ३म् ध्वजारोहण आर्य नेता ठाकुर विक्रम सिंह (अध्यक्ष, राष्ट्रनिर्माण पार्टी) ने किया। महासम्मेलन के संयोजक केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आर्य समाज युवा शक्ति को देश भक्त, चरित्र वान व संस्कारित करने का (शेष पृष्ठ 3 पर)

## सुदर्शन न्यूज के मुख्य सम्पादक श्री सुरेश चौहान के. व श्री एम.एस. बिट्टा का भव्य अभिनन्दन





श्रीमती व श्री सुरेश चौव्हान के. (मुख्य सम्पादक,सुदर्शन न्यूज) का अभिनन्दन करते आचार्य अखिलेश्वर जी,प्रवीन आर्या,स्वामी आर्यवेश जी व अनिल आर्य। द्वितीय चित्र–श्री एम.एस.बिट्टा का अभिनन्दन करते प्रवीन आर्य,स्वामी आर्यवेश जी,अनिल आर्य व प्रवीन आर्या।





ध्वजारोहण के पश्चात स्वामी प्रणवानन्द जी(गुरूकुल गौतम नगर) उद्बोधन देते हुए,साथ में अनिल आर्य,प्रवीन आर्या,स्वामी आर्यवेश जी। द्वितीय चित्र–आचार्य अखिलेश्वर जी का अभिनन्दन करते स्वामी आर्यवेश जी,प्रवीन आर्या,अनिल आर्य,रामकुमार आर्य व यशोवीर आर्य।



आर्य महासम्मेलन के पण्डाल का सुन्दर द्रश्य : देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे उत्साहित आर्य जन पूरे जोश में एक नये संकल्प के साथ।

# आचार्य वीरेन्द्र विक्रम व आर्य नेता ठाकुर विक्रम सिंह का भव्य अभिनन्दन




आचार्य वीरेन्द्र विक्रम का स्वागत करते वेदप्रकाश आर्य,अनिल आर्य,आनन्दसिंह आर्य(करनाल) व स्वतंत्र कुकरेजा (प्रान्तीय महामंत्री, हरियाणा)। द्वितीय चित्र–ठाकुर विकम सिंह जी का स्वागत करते प्रवीन आर्या, अनिल आर्य,स्वामी आर्यवेश जी, वैदिक विद्वान डा.महेश विद्यालंकार व आचार्य अखिलेश्वर जी।




शनिवार, 1 फरवरी 2020, दिल्ली के पीतमपुरा के क्षेत्र में विशाल ''राष्ट्रीय एकता तिंरगा यात्रा'' का भव्य आयोजन किया गया। नेतृत्व करते स्वामी आर्यवेश जी, अनिल आर्य, प्रवीन आर्या, देवेन्द्र भगत, देवेन्द्र गुप्ता, रवि राणा, विकान्त चौधरी, स्वतंत्र कुकरेजा, कर्नल अनिल आर्य (लखनऊ), आनन्दसिंह आर्य (करनाल), रामकृष्ण शास्त्री (बहरोड़), अजय आर्य (जिला अध्यक्ष,करनाल) व विद्यासागर शास्त्री (जीन्द)।




कर्मठ कार्यकर्ता डा.धर्मवीर आर्य(प्रधान,विशाखा एनक्लेव) व श्री धर्मपाल परमार(प्रधान,प्रशान्त विहार) का अभिनन्दन करते स्वामी आर्यवेश जी, अनिल आर्य व ब्र.विश्वपाल जयन्त(प्रान्तीय अध्यक्ष, उत्तराखण्ड)



ध्वजारोहण के समय आर्य समाज की युवा शक्ति, मिशन–25, यानि की 12 से 25 वर्ष तक के युवाओं को आर्य समाज के साथ जोड़ना ।




कर्मठ समाजसेवी श्री सुरेन्द्र कोहली का स्वागत करते अनिल आर्य,साथ में धर्मपाल आर्य(राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष) व वेदप्रकाश आर्य । द्वितीय चित्र–श्री हरिचन्द स्नेही(सोनीपत) का अभिनन्दन करते अर्जुनदेव दुर्रेजा(सोनीपत),अनिल आर्य,आचार्य प्रेमपाल शास्त्री,स्वामी आर्यवेश जी व डा.जयेन्द्र आचार्य(नोएडा) ।

(पृष्ठ 1 का शेष)

अभियान तीव्र गति से चलाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि माननीय श्री सुरेश चव्हाण के (चेयरमैन व मुख्य संपादक सुदर्शन न्यूज चेनल) ने कहा कि आज कुछ लोग देश को तोड़ने व अलगाववाद की बात कर रहे हैं ऐसे लोगों से सरकार को कड़ाई से निपटना चाहिए उन्होंने कहा कि जब तक हम दो, हमारे दो, हम सबके दो जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू नहीं हो पाता है तब तक समस्या का हल नहीं होगा,उन्होंने हिन्दू समाज को एक जुट करने का आह्वान किया। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्य वेश जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आर्य समाज साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि आज समाज मे बढ़ते पाखंड के प्रति जागरूकता लाने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय कवि प्रो. सारस्वत मोहन मनीषी, उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री प्रवीण आर्य, कविता आर्या, प्रवीन आर्या आदि ने ईश व देशभक्ति रचना व गीतों से समा बांध दिया। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के कोषाध्यक्ष प. माया प्रकाश त्यागी, आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री, आचार्य सुभाष शास्त्री (बांग्लादेश), सुभाष बब्बर (जम्मू कश्मीर), गायत्री मीना ( नोएडा), गवेंद्र शास्त्री, आचार्य भानु प्रताप शास्त्री (मध्य प्रदेश) महेन्द्र भाई (दिल्ली), डॉ जयंदेर आचार्य, डॉ आर.के. आर्य, चौ मंगल सिंह (गाजियाबाद), आचार्य धनेश्वर बेहरा(उड़ीसा), आचार्य संजीव रूप (बदायूं), आनंद प्रकाश आर्य (हापुड़), देवेन्द्र भगत, ब्र. दीक्षेंद्र आर्य, राम कृष्ण शास्त्री (बहरोड), ईश आर्य (हिसार), जितेन्द्र सिंह आर्य (फरीदाबाद), (आचार्य कृष्ण प्रसाद कौटिल्य (झारखंड) आदि ने अपने विचार रखे। देश के विभिन्न प्रान्तों से हजारों आर्य जनों ने भाग लिया। शांतिपाठ के साथ समारोह सम्पन्न हुआ।

# अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन के द्वितीय दिवस निकली राष्ट्रीय एकता तिरंगा यात्रा

## राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज का उल्लेखनीय योगदान' —— एम एस बिट्टा

शनिवार, 1 फरवरी 2020, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के 41वें वार्षिकोत्सव पर त्रिदिवसीय अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन के द्वितीय दिवस पर ध्वजारोहण आर्य नेता स्वामी प्रणवानंद (प्राचार्य गुरुकुल गौतम नगर) ने रामलीला मैदान विशाखा एनक्लेव पीतमपुरा दिल्ली में किया। कार्यक्रम का प्रारंभ विश्व शान्ति यज्ञ से वैदिक विद्ववान आचार्य अखिलेश्वर जी ने किया। सम्मेलन में आल इन्डिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष व ओजस्वी वक्ता श्री एम एस बिट्टा ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई के अंदर महर्षि दयानंद व आर्य समाज का उल्लेखनीय योगदान है। स्वामी दयानन्द से प्रेरणा लेकर हजारों नौजवान आजादी की लड़ाई में कूद पड़े।

कांग्रेस के इतिहासकार डॉ.सीता रमैया ने भी लिखा था कि देश की आजादी में 80ः आर्य समाज के लोग थे। श्री बिट्टा ने आगे कहा कि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है, आज हमें मिलकर भारत माता की रक्षा के लिए कार्य करना होगा और देश द्रोहियों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आज कुछ लोग देश को तोड़ने व अलगाववाद की बात कर रहे हैं ऐसे लोगों से

(शेष पृष्ठ 4 पर)



वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप जी(बदांयु) का अभिनन्दन करते प्रवीन आर्य(गाजियाबाद),रामकृष्ण शास्त्री(बहरोड़),अनिल आर्य,आचार्य सुखदेव तपस्वी, स्वामी आर्यवेश जी, ओम सपरा व रामकुमार आर्य।






राष्ट्रीय आर्य महिला सम्मेलन में साध्वी उतमा यति जी का अभिनन्दन करते उर्मिला आर्या,इन्दु मेहता,प्रवीन आर्या व डा.सुषमा आर्या । द्वितीय चित्र–शिक्षाविद श्रीमती मृदुला चौहान का अभिनन्दन करते अनिता कुमार,आदर्श सहगल,यशोदा आर्या व उर्मिला आर्या।







आर्य नेता आर.पी.सूरी का अभिनन्दन करते आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री,आचार्य प्रेमपाल शास्त्री व अनिल आर्य। द्वितीय चित्र–श्रीमती पुष्पा व सुरेन्द्र शास्त्री का अभिनन्दन करते अनिल आर्य व स्वामी आर्यवेश जी।

(पृष्ठ 3 का शेष)
सरकार को कड़ाई से निपटना चाहिए अनिल आर्य ने कहा कि जब तक हम दो, हमारे दो, हम सबके दो जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं हो पाता है तब तक समस्या का हल नहीं होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया और राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया। दोपहर बाद राष्ट्र रक्षा सम्मेलन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्य वेश की अध्यक्षता में हुआ उन्होंने कहा कि समाज में फैलता पाखंड अंधविश्वास युवा शक्ति को भ्रमित कर रहा है, आज युवा शक्ति को बाबाओं के जाल से निकलकर वेद मार्ग पर चलना होगा। उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि आर्य युवक परिषद युवा निर्माण का कार्य जारी रखेगी। इस अवसर पर आचार्य वीरेन्द्र विक्रम,आर्य नेता सुभाष बब्बर (जम्मू कश्मीर) आचार्य भानु प्रकाश (मध्य प्रदेश) महेन्द्र भाई (दिल्ली) आनंद सिंह आर्य (करनाल) आचार्य संजीव रूप (बदायूं), आचार्य कुंवर पॉल शास्त्री, सुनील गर्ग (गाजियाबाद), कर्नल अनिल आर्य (लखनऊ) देवेन्द्र भगत, ब. दीक्षेन्द्र, राम कृष्ण शास्त्री (बहरोड) राष्ट्र रक्षा में युवा शक्ति की भूमिका पर विचार रखे।

# कर्मठ कार्यकर्त्ता यशोवीर आर्य, श्री सौरभ गुप्ता व अरूण आर्य का अभिनन्दन

## राष्ट्रीयता की भावना से युवा शक्ति को ओतप्रोत करने की आवश्यकता–राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य




कर्मठ कार्यकर्ता यशोवीर आर्य व द्वितीय चित्र–प्रधान शिक्षक सौरभ गुप्ता,दिल्ली प्रदेश महामंत्री अरूण आर्य का अभिनन्दन करते राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य व स्वामी आर्यवेश जी ।

शुक्रवार 31 जनवरी 2020, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के 41 वे वार्षिकोत्सव पर त्रि दिवसीय अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन का भव्य शुभारंभ रामलीला मैदान विशाखा एनक्लेव पीतमपुरा दिल्ली में हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ विश्व शान्ति यज्ञ से वैदिक विद्ववान आचार्य अखिलेश्वर जी ने किया। ध्वजारोहण आर्य नेता स्वामी आर्य वेश (प्रधान सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा) ने किया उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि ओम ध्वज हमें प्रेरणा है कि हम अपने जीवन में त्याग, समर्पण, सेवा और बलिदान को स्थान दे। भगवा रंग हमारी आर्य संस्कृति के त्याग और बलिदान का प्रतीक है। ईश्वर न्यायकारी, दयालु व परोपकारी है हमें भी इन गुणों को जीवन मे धारण करना चाहिए।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि देश जात पात, प्रांतवाद के नाम पर बंट रहा है हमें सामाजिक समरसता के लिए कार्य करना है जिससे देश की एकता अखंडता सुरक्षित रहे। आज देश की युवा पीढ़ी में अस्थिरता और अलगाव दिखाई दे रहा है हमें राष्ट्रीयता की भावना से युवाओं को ओतप्रोत करने का कार्य करना है देश रहेगा तो हम सब रहेंगे। उन्होंने कहा कि आर्य समाज का देश की आजादी में उल्लेखनीय योगदान रहा अब रक्षा करने का दायित्व भी आर्य जनों को निभाना है। राष्ट्रीय आर्य महिला सम्मेलन में नारी शक्ति के महत्व पर मृदला चौहान, साध्वी उत्तमा यति, आयुषी राणा, रचना आहुजा, शिक्षा विद अंजु मेहरोत्रा, उर्मिला आर्या, प्रवीन आर्या, संगीता आर्या, पुष्पा चुघ, कमल मोंगा ने विचार रखे। दोपहर बाद राष्ट्रीय आर्य युवा सम्मेलन हुआ जिसमें आचार्य गवेन्दर शास्त्री,महेन्द्र भाई, आचार्य चंद्र शेखर शर्मा (ग्वालियर), भानु प्रकाश शास्त्री (इंदौर), आचार्य संजीव रूप (बदायूं), प्रवीन आय (गाजियाबाद), देवेन्द्र भगत ,ब.दीक्षेन्द्र ने राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका पर विचार रखे। सम्मेलन का समापन रविवार 2 फरवरी को शाम 5 बजे होगा।




''आर्य युवा रत्न'' से श्री कमल आर्य (अलीगढ़) का अभिनन्दन करते आचार्य भानुप्रताप वेदालंकार,अनिल आर्य,स्वामी आर्यवेश जी व आचार्य कृष्णप्रसाद कोटिल्य(प्रान्तीय अध्यक्ष, झारखण्ड)। द्वितीय चित्र–श्री आनन्दसिंह आर्य(प्रधान,आर्य केन्द्रीय सभा करनाल) का अभिनन्दन करते अनिल आर्य,रविदेव गुप्ता व आचार्य वीरेन्द्र विक्रम।

## श्री सुभाष बब्बर का अभिनन्दन

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् जम्मू कश्मीर के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री सुभाष बब्बर का अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर यज्ञवीर चौहान (जिला अध्यक्ष,गाजियाबाद) व मंच पर आचार्य सुभाष शास्त्री (बंग्लादेश),डा. जयेन्द्र आचार्य, स्वामी आर्यवेश जी, डा. महेश विद्यालंकार व आचार्य अखिलेश्वर जी उपस्थित रहे।

## अहमदाबाद में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् का 50 सदस्यीय दल ''ऋषि बोधोत्सव'' टंकारा ऋषि जन्म स्थान यात्रा पर जा रहा है, मंगलवार, 25 फरवरी को सायं 5 से 7 बजे तक श्री मित्रमहेश आर्य भ्रमण दल का अहमदाबाद में अभिनन्दन करेंगे

–देवेन्द्र भगत

## राष्ट्रीय अध्यक्ष की कार चोरी

परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य की कार (प्रचार वाहन) न. डी. एल.–8 सी.वाई–5395 एन ब्लाक,मुखजी नगर,दिल्ली से 21 व 22 जनवरी 2020 की मध्य रात्री चोरी हो गई है, एफ.आई.आर करवा दी गई है, किसी को दिखाई दे तो सूचित करें

–महेन्द्र भाई, महामंत्री

## शोक समाचार: विनम्र श्रद्धांजलि

1. श्रीमती सरोज भाटिया (आर्य समाज, दिलशाद गार्डन) का निधन।
2. श्री जयपालसिंह आर्य (पिता श्री प्रहलाद सिंह, सुन्दर विहार) का निधन।
3. चौ. रघुनाथसिंह यादव (प्रधान जी, नजफगढ़) का निधन।
4. श्री श्यामसुन्दर चांदना (बहनोई अभिमन्यु चावला) का निधन।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**, 2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970